मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-86
28/02/2024

मुख्यमंत्री ने तारामंडल, पटना के आधुनिक प्रोजेक्शन सिस्टम, तारामंडल भवन का उन्नयन कार्य तथा तारामंडल अतिथिगृह का किया उद्घाटन

पटना, 28 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज तारामंडल, पटना के आधुनिक प्रोजेक्शन सिस्टम, तारामंडल भवन का उन्नयन कार्य तथा तारामंडल अतिथिगृह का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने तारामंडल भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी कि अब तारामंडल में नई तकनीक के माध्यम से यहां आने वाले लोग सौर मंडल की गतिविधियों को देख सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने तारामंडल में लगाये गये आधुनिक उपकरणों का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तारामंडल में कराये गये रेट्रोफिटिंग कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न उपकरणों को देखा और सौर मंडल की गतिविधियों, आदि के संबंध में भी लगाये गये प्रदर्शनी को देखा। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मांड निर्माण की प्रक्रिया को थ्री डि फिल्म के माध्यम से देखा। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन कक्ष, ऑडिटोरियम, अतिथिगृह, वी0आई0पी0 लॉंज सहित पूरे तारामंडल परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। तारामंडल के प्रोजेक्शन सिस्टम को मुख्यमंत्री के निर्देश पर अत्याधुनिक बनाया गया है। तारामंडल का यह उन्नयन कार्य 200 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है।

तारामंडल पहुॅचने पर मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******